प्रेस-विज्ञप्ति **04.02.2021**

दिनांक 04 फ़रवरी, 2021 को 11:00 बजे मर्चेंट्स चेम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश द्वारा कैलाशपत सिंघानिया (के.पी.एस.) इस्टीट्यूट ऑफ मेडिसिन, जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज, कानपुर (एल.एल.आर हॉस्पिटल) में ***श्रद्धेय यदुपति सिंघानिया*** जी की याद में **नवनिर्मित हाई डिपेंडेंसी यूनिट** के लिए **ऑक्सीजन गैस पाइप लाइन** व **अन्य मेडिकल आवश्यकताओं को भेट** किये जाने के सम्बन्ध में एक सत्र का आयोजन किया गया था।

के.पी.एस इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिसीन, एल.एल.आर हॉस्पिटल में यदुपति सिंघानिया हाई डिपेंडेंसी यूनिट नाम से नया वार्ड निर्मित किया गया है। इस हेतु चेम्बर ने ऑक्सीजन पाइप लाइन बिछवाने की व्यवस्था तथा 10 अटेन्डेंस बेंच व एक स्टील एलमिरा के.पी.एस इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिसीन को भेंट स्वरुप दी। इससे पहले चेम्बर द्वारा इसी वार्ड हेतु 10 बेड व साइड टेबल्स व अन्य हॉस्पिटल सामग्री भेंट स्वरुप दी गयी थी।

आयोजित कार्यक्रम में मर्चेंट्स चैम्बर की ओर से अध्यक्ष मुकुल टंडन, उपाध्यक्ष श्री अतुल कनोडिया, डॉ. आइ.एम. रोहतगी, श्री श्याम मेहरोत्रा, सचिव महेंद्र नाथ मोदी, डॉ. जे.एन. गुप्ता, श्री सुशील खन्ना, डॉ. प्रशांत, श्री आर.के. अग्रवाल, श्री टीकम चंद सेठिया, तथा जी.एस.वी.एम. मेडिकल कॉलेज, कानपुर की ओर से प्रिंसिपल- डॉ. कमल, वाईस प्रिंसिपल- डॉ. ऋचा गिरी, डॉ. कुशवाहा उपस्थित थे।

धन्यवाद